पुलिस का ऑपरेशन आघात-स्कूलों के पास तंबाखू बेचने वालों पर कसा शिकंजा



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

### मां की हत्या, पिता गया जेल,बच्चे हुए अनाथ

# शराब के नशे में उजड़ा एक और आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ नशे की हालत में पति ने की अपनी पत्नी की डंडा मारकर हत्या

ग्राम उबका तेंदूपारा में मंगलवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। 39 वर्षीय जॉन केरकेट्टा ने शराब के नशे में अपनी पत्नी पूजा उर्फ संपत्ति केरकेट्टा की डंडे से वार कर और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी जंगल भाग गया था,लेकिन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर उसे पकड़ लिया और हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है।

### बेटे ने नाना को दी मां की मौत की खबर

पुलिस के अनुसार, मृतका के पिता सावन विश्वकर्मा रतबा गांव के रहने वाले हैं,ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 जुलाई को उनका नाती घर आया और रोते हुए बताया कि पापा ने मां के सिर में डंडा मारा है,वो मर गई है। प्रार्थी जब अपनी बेटी के घर पहुंचा तो देखा कि पूजा मृत अवस्था में पड़ी है, और सिर से खून बह रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**गुस्सा, शराब और फिर खून:** पूछताछ में आरोपी जॉन केरकेट्टा ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन वह दिन में खेत में धान ढोने गया था। दोपहर में जब घर लौटा तो पत्नी घर में नहीं थी, जिससे नाराज होकर वह शराब पीने निकल गया। बाद में पता चला कि पत्नी ने उसके 1 हजार रुपए में से 5 सौ रुपए निकालकर शराब पी ली थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। पत्नी ने बाहर से डंडा लाकर जॉन पर हमला किया। गुस्से में जॉन ने डंडा छीनकर पत्नी के सिर पर मारा और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

**पुलिस ने मौके से डंडा किया बरामद:** बगीचा थाना प्रभारी संत लाल आयाम की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया। हत्या में इस्तेमाल डंडा भी आरोपी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**शराब बना अपराध की जड़:** एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि घरेलू विवाद और शराब की लत ने एक महिला की जान ले ली। पुलिस ने आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# विद्यार्थियों की कम दर्ज संख्या के बाद 2 स्कूलों में लगा ताला




■ अनेक स्कूलों में भी मंडरा रहा बंद होने का खतरा

**जशपुर।** जिले में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ बनाने के लिए युक्तियुक्तकरण के बाद भले ही एकल शिक्षक की समस्या दूर हो गई है लेकिन अनेक स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज़ संख्या नाम मात्र ही रह गई है।

पत्थलगांव जनपद क्षेत्र के दो प्राथमिक स्कूल हलबोहा और बोईरपारा में विद्यार्थियों की नाम मात्र दर्ज संख्या को देखकर शिक्षा विभाग ने इन पाठशालाओं पर ताला लगा दिया गया है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि पत्थलगांव क्षेत्र में इसके बाद अनेक स्कूलों में ऐसी समस्या यथावत बनी हुई है।जिसको लेकर शिक्षा अधिकारी के साथ अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल, अनेक सरकारी स्कूलों के भवन का अभाव और विद्यार्थियों की महज तीन या चार की दर्ज संख्या देखकर ज्यादातर अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलवा रहे हैं। पत्थलगांव में टोंगरी पारा स्थित भवन विहिन विद्यालय में पांच साल के बाद भी भवन की व्यवस्था का काम अधर में लटका हुआ है। मौजूदा नया

⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सहकारी समिति का कुनकुरी नारायणपुर में पौधरोपण



**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिले के सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाने जारी कार्ययोजना अनुसार 2 जुलाई को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुनकुरी, नारायणपुर, मनोरा एवं आस्ता में पौध रोपण किया गया। साथ ही समिति में साफ-सफाई कार्यक्रम उपरांत समिति बोर्ड की बैठक में आदर्श उपविधि का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक तथा सहकारी समितियों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन के कार्यों में आई प्रगति



**जशपुरनगर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों में आई तेजी कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में कार्यपालन अभियंता द्वारा विकासखंड पत्थलगांव, कुनकुरी के ऊपरपारा, बहनाटांगर, गोडी कला, तीरशोट और रेडे में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। इन सभी स्थानों पर जलजीवन मिशन की अंतर्गत पूर्ण कार्यों से जल प्रदाय सतत रूप से की जा रही है वर्षा ऋतु में ग्राम वासियों को घर से नल से जल प्राप्त होने पर ग्रामवासियों द्वारा खुशी जाहिर की गई और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### रेड़ीघाट में बदला गया ट्रांसफार्मर

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत सागजोर के रेड़ीघाट मोहल्ला में विद्युत आपूर्ति पुनः शुरू हो गई है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है। फरसाबहार तहसील के ग्राम पंचायत सागजोर के रेड़ीघाट मोहल्ला में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर तत्काल समाधान की मांग की थी।

### सर्पदंश पर महिला का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार

**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कोटिया राजौटी पारा निवासी 51 वर्षीय श्रीमती मुकुटमनी कुजूर को रात्रि में करेत सांप ने दाहिने पैर के टखने में दंश कर दिया। उन्होंने परिवार को इसकी सूचना दी।कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा पीड़ति की जांच की गई, जहां मरीज को पैर में सुन्नपन, घबराहट की जानकारी दी। जांच में मरीज के शरीर में सर्प के काटने का निशान दाहिने पैर के टखने में स्पष्ट दिखाई दे रहा था। जिस पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ. भोजमनिया द्वारा एंटीस्नेक वैनम द्वारा उपचार चालू किया गया। जिस पर अब पीड़ति मुकुटमनी की स्थिति अब सामान्य महसूस हो रही है। इससे पूर्व भी कुदमुरा में भी एक छोटे से बालक को सर्पदंश हुआ था जिसका रनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफल उपचार किया गया था।

# किलकिला मुख्य मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे

■ वाहन चालकों को हो रही परेशानी, हादसे की भी आशंका

**पत्थलगांव।** जिले के पत्थलगांव से किलकिला होकर कापू जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है।

सावण मास आने को किलकिला शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए इसी मार्ग से हजारों श्रद्धालु आते जाते हैं । इसके बाबजूद सड़क में स्थिति बद से बत्तर हो गया है। बता दें कि जशपुर जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को



सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे।

आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी पद में आने के बाद अपने वादे भूल जाते हैं। पत्थलगांव शहरी एंव किलकिला जाने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी पर घटिया निमार्ण के कारण रोड पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए है कुछ दिन पुर्व बने रोड कुछ ही महीनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़कर गड्ढे में तब्दील हो गई । वर्तमान में इस सड़क की हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़क है या नहीं, इसका पता ही नहीं चलता। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग सैकड़ों वाहनों एंव स्कुली वाहनों का आवागमन होता है।

पत्थलगांव शहर की सड़क पत्थलगांव पीडब्ल्यूडी एंव किलकिला का सड़क पीएमजेएसवाई में आता है। किलकिला जाने वाल मार्ग पर गड्ढे ही नजर आ रहे हैं। इसमें पानी भरने से यह हादसे को न्योता दे रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों को इस सड़क के सुधार करने की मांग की।

### हथौड़ी मार कर प्रेमिका की हत्या, आरोपी को उम्र कैद

**रामानुजगंज।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में सत्र न्यायाधीश द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को हथौड़ी से सिर में मार कर हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिले के कुसमी थाना अंतर्गत आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश में विचाराधीन था मामले में न्यायाधीश हेमंत शर्राफ द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के के तहत आजीवन कारावास एवं 500 अर्थदंड की सजा सुनाई। मृतिका सरिता एक्का बेल स्टार माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड कार्यालय कुसमी ब्रांच अकाउंटेंट के पद पर पदस्थ थी। घटना दिनांक 10 अगस्त 2022 को अपने कार्यालय में बैठी थी। इसी दौरान उसके प्रेमी आरोपी मनोज उर्फ इसहाक खाखा आया एवं हथौड़ी से ताबड़तोड़ उसके सिर पर वार कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गई। इलाज के लिए उसे उसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर एवं वहां भी स्थिति नहीं संभलने की स्थिति में रायपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान 17 अगस्त 2022 को उसकी मृत्यु हो गई।

# प्रेरणा, परिश्रम और नेतृत्व की मिसाल होते हैं प्राचार्यः गुप्ता

■ कलेक्टर के निर्देश पर यशस्वी जशपुर का उन्मुखीकरण

**जशपुरनगर।** ज़िला कलेक्टर रोहित व्यास एवं ज़िला पंचायत के सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन और शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पी के भटनागर के निर्देशन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला प्राचार्यो के प्रशिक्षण के साथ प्रारंभ हुआ।

यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के विषय पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में न केवल उनके ज्ञान को ताजा किया, बल्कि उन्हें एक बार फिर यह याद दिलाया कि स्कूल की दिशा और दशा का निर्धारण उनके कुशल नेतृत्व पर निर्भर करता है। मैस्लो के पिरामिड सिद्धांत के साथ और माइंड मैपिंग के अंतर्गत कंफर्ट जोन, फीयर जोन, लर्निंग जोन और ग्रोथ जोन की जानकारी देते हुए यह बताया कि कंफर्ट जोन से निकलकर कैसे ग्रोथ जोन में आकर बेहतर प्रोडक्टिविटी के साथ विद्यालयीन शिक्षा गुणवत्ता वृद्धि की जा सकती है।



प्रशिक्षण प्राप्त करते जिले के प्राचार्य।

**आत्म मूल्यांकन से पाई जा सकती है खुशियांः** कार्यशाला में यह भी बताया गया कि जीवन में खुशियां तब मिलती हैं जब व्यक्ति स्वयं आत्म मूल्यांकन कर कर्तव्य पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करता है। प्राचार्य न केवल विद्यार्थियों के भाग्य विधाता होते हैं, बल्कि वे पूरे विद्यालय के लिए एक रोल मॉडल भी होते हैं। उनका परिश्रम ही पूरे स्टाफ को प्रेरित करता है। जब प्राचार्य परिश्रमी होते हैं तो उनके अधीनस्थ भी उसी ऊर्जा के साथ कार्य करते हैं।

**अध्ययन अध्यापन की कार्य योजना पर चर्चाः** वर्ष भर की विद्यालय में अध्ययन- अध्यापन की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए यशस्वी जशपुर की एक्टिविटीज के विद्यालय में क्रियान्वयन पर बात की। प्रत्येक कालखंड में अध्यापन, मूल्यांकन, नियमित उपस्थिति, प्रतिदिन के रिवीजन हेतु लर्निंग पॉइंट्स लिखते हुए विद्यार्थी दैनंदिनी लेखन पर भी विस्तृत रूप से बात की गई।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय और संजय दास सहित सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# जंगल से लाए मशरूम ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ दुलदुला में एक ही परिवार के 8 लोग बीमार

■ कुनकुरी में भी दो युवतियां हो चुकी शिकार

जिले के दुलदुला विकासखंड में शुक्रवार रात जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 8 सदस्य बीमार हो गए। सभी को उल्टी, पेट दर्द और चक्कर आने की शिकायत पर रात 8:45 बजे कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज जारी है, हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

जंगल से लाए मशरूम की सब्जी खाई, थोड़ी देर में बिगड़ने लगी हालत गट्टिबुड़ा (रायटोली बस्ती) के इस परिवार ने जंगल से लाकर मशरूम की सब्जी बनाई थी। रात का खाना खाने के कुछ ही देर बाद पूरे परिवार की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी और पेट दर्द शुरू हुआ। आनन-फानन में गांववालों ने सभी को कुनकुरी अस्पताल पहुंचाया।

**ये लोग हुए बीमारः** रघुनाथ (65) – परिवार के मुखिया, धनेश्वर (55), उदयनाथ (40), राजोबाई (40), निरपती बाई (45), सुखमनी (50), सदनमनी (24), कृष्णा (25)

**सही समय पर मिले इलाज से खतरा टलाः** डॉक्टरों की टीम ने सभी का इलाज शुरू कर दिया है। चिकित्सकों का कहना है कि जहरीले मशरूम से फूड पॉयजनिंग हुई है, सही समय पर इलाज मिलने से खतरा टल गया।

कुनकुरी के हर्राडांड़ गांव में भी हुआ था ऐसा ही हादसा तीन दिन पहले हर्राडांड़ गांव की दो बहनों – सुनीता विश्वकर्मा (26) और सपना विश्वकर्मा (17) ने भी जंगल से लाए मशरूम खा लिए थे। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद शनिवार को उन्हें छुट्टी दी गई।

**स्वास्थ्य विभाग की चेतावनीः** डॉक्टरों के मुताबिक, कुछ जंगली मशरूम बेहद जहरीले होते हैं। इनके लक्षण शुरू में मामूली लगते हैं, लेकिन धीरे-धीरे शरीर के अंदरूनी अंगों – खासकर लीवर और किडनी पर असर डालते हैं। समय पर इलाज न मिले तो जान भी जा सकती है।

# महतारी वंदन योजनाः महिलाओं को मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ लाखों महिलाओं का बदल रहा है जीवन, व्यवसाय कर बन रही आत्मनिर्भर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन में बदलाव लाने वाली एक क्रांतिकारी पहल बनकर उभरी है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मान जनक जीवन देने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है।

ऐसे अनेकों उदाहरण है जिनकी जिंदगी इस योजना के माध्यम से बदली है। महतारी वंदन योजना द्वारा जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं को योजना की शुरूआत मार्च 2024 से जून 2025 तक 342 करोड़ 39 लाख 31 हजार 950 की राशि प्राप्त हो चुकी है।



### अन्य क्षेत्रों पर निवेश कर योजना की राशि का कर रही हैं सदुपयोग

महतारी वंदन योजना से मिली राशि का महिलाएं केवल घरेलु खर्चो तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसे अन्य उत्पादक क्षेत्रों में निवेश कर सुदपयोग भी कर रही हैं। इस योजना की राशि का महिलाएं अपनी बेटियों का जीवन सुरक्षित बनाने सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश भी कर रही हैं। इसके साथ ही व्यवसाय में हाथ आजमा कर सफलता की सीढ़ियि चढ़ रही हैं। इस योजना के आधार पर महिलाओं को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के माध्यम से महिलाओं को महतारी शक्ति ऋण योजना के तहत 25 हजार तक की राशि एकमुश्त 48 महिनों तक के आसान किस्तों में न्यूनतम ब्याज दर पर दिया जा रहा हैं। जशपुर में 875 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। जिसका महिलाएं व्यवसाय या अन्य कामों में उपयोग कर रही हैं।

### योजना महिलाओं की जिंदगी में ला रहा है साकारात्मक बदलाव

यह योजना महिलाओं की आर्थिक निर्भरता की बेड़ी को तोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब महिलाएं अपने छोटे-छोटे फैसले खुद ले पा रही हैं। ऐसे ही सिलाई का काम कर अपना घर चलाने वाली हितग्राही ममता यादव की जिंदगी में महतारी वंदन योजना एक साकारात्मक बदलाव लेकर आई है। इस योजना के माध्यम से प्रति माह मिलने वाले 1000 रूपए और सिलाई के काम के पैसे जोड़कर वह घर की अच्छी तरह से देख-भाल कर रही है। उन्होंने बताया कि इससे उनको घर चलाने में अब आसानी हो रही है। कुछ पैसे वे बच्चों के भविष्य के लिए भी सुरक्षित कर रही हैं। इसी तहत जिले में श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती अनीता सोनकर, बिरसमुनी सिंह, लक्ष्मी बाई, श्रीमती अनीशा बाई जैसी लाखों महिलाएं हैं जिन्होंने इस योजना के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। जहां पहले महिलाएं घरेलू जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहती थीं, आज वे अपनी छोटी-छोटी जरूरतें खुद पूरी कर पा रही हैं।

### पहाड़ी कोरवा बसाहटों में पहुंच ग्रामीणों से की चर्चा

# पीएम जनमन योजनांतर्गत निर्मित सड़कों का सचिव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह अपने जशपुर प्रवास के दौरान जिले में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यों का निरीक्षण किया।

इसी कड़ी में उन्होंने पीएम जनमन योजनांतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा स्वीकृत सड़कों का निरीक्षण छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के प्रमुख अभियंता के.के कटारे द्वारा किया गया। उन्होंने विकासखण्ड मनोरा के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के ग्रामों में पहुंचे। जहां योजनांतर्गत सडक टीआर-05 से बंधकोना बी एवं टीआर-05 से भंवरपाठ तक निर्मित सड़क का स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थल पर उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों से निर्मित सड़कों से लोगो को हो रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। जिसमें लोगों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे घर तक आने जाने के लिये जनमन योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराया है। जिससे हमें आने जाने के लिये अच्छी सड़कें मिली है। हमें शहर एवं अस्पताल, स्कूल, बाजार आने जाने में काफी सुविधाएं हो रही है। पहले गांव में किसी की तबीयत खराब होने पर खाट में लेटाकर अस्पताल ले जाना पड़ता था, एंबुलेस को भी हम लोग नहीं जानते थे। लेकिन सड़क बनने के बाद अब हमारे गांव तक एंबुलेंस पहुंच रहीं है जिससे मरीजों को लाने एवं ले जाने में सुविधा हो रही है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार, अधीक्षण अभियंता सोहन चन्द्र, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सड़कों का निरीक्षण करते सचिव भीम सिंह व प्रमुख अभियंता केके कटारे।

# किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा खाद और बीज



**जशपुरनगर।** किसानों के लिए खेती बाड़ी का सीजन चालू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी किसानों को खाद और बीज समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिले के सहकारी समितियों के माध्यम से खाद और बीच प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा अल्पकालिन ऋण की सुविधा मुहैया करा रही है, ताकि किसान वर्ग निश्चिंत होकर खेती कर सके। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय की वजह से उनमें खेती के लिए अलग ही उत्साह भी नजर आ रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों को अब धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का आदि के फसल लगाने वाले किसानों को कृषक उन्नति योजना का लाभ मिलेगा, इसका किसानों ने स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में खेती का दायरा बढ़ेगा और किसान समृद्ध होंगे। सहकारिता विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसान खाद और बीज लेने के लिए तपकरा, कांसाबेल, चोंगरीबहार, और कुनकुरी सहकारी समिति पहुंचे थे जहां किसान ने खाद का उठाव किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में कक्षा 1 एवं 6 के रिक्त सीटों के लिए आवेदन प्रारम्भ

**प्रतापपुर।** विद्यालय के प्राचार्य देव साय टेकाम ने बताया कि शिक्षा सत्र 2025 -26 में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम चरण प्रवेश उपरांत रिक्त सीटों के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया 5 से 14 जुलाई तक प्रारम्भ की जाएगी। इच्छुक पालक उक्त तिथि तक विद्यालय आकर ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है 14 जुलाई के उपरांत फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएगे।

### सरस्वती शिक्षा केंद्र में आचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**बलरामपुर।** वनांचल शिक्षा सेवा न्यास द्वारा संचालित सरस्वती शिक्षा केंद्र जनजाति क्षेत्र की शिक्षा संकुल बलरामपुर एवं वाड्रफनगर के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में जिला प्रतिनिधि कोदू राम द्विवेदी जिला प्रतिनिधि, गोपाल कृष्ण मिश्रा, बंशीधर गुप्ता, बिहारी पाल, विनय कुमार पाठक, नरेश लकड़ा, दिलीप गुप्ता एवं दोनों संकुल के आचार्य, दीदी शामिल हुए। इसके साथ ही समापन कार्यक्रम में नगर पालिक अध्यक्ष लोधी राम एक्का, शम्भू नाथ मिश्रा शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बच्चों ने स्वागत गीत, सुभाषितानी,अमृत वचन, एकल गीत, हमारा लक्ष्य, शिशु गीत जैसे और भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### संकुल स्तरीय उत्सव में कराया गया बच्चों का शाला प्रवेश



**राजपुर।** विकासखंड का संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हायर सेकेंडरी स्कूल सेवारी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल शामिल हुए। अतिथियों ने सरस्वती माता के छाया चित्रों पर दीप, पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा मिटाई खिलाकर स्वागत अभिनन्दन व पुस्तक वितरण किया गया। कक्षा में प्रथम आने वाले 9वी ,10वी, 11वी व 12वीं के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात सेवा निवृत्त प्रधान पाठक जोखन राम को साल श्रीफल भेंट किया गया एवं तबादला हुए शिक्षको विदाई दी गई। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक प्रवीण जनपद, शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महेश्वर सिंह, मोनिका बेक, सुभाष यादव, राहुल गुप्ता, पूर्व सरपंच अरविंद कुमार, विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कश्यप, पंकज जायसवाल, संकुल प्रभारी सनेश बेक, शिक्षक, अभिभावक स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों ने किया खड़गवां पुलिस चौकी का भ्रमण




**प्रतापपुर।** नगर के एक निजी स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों के साथ खड़गवां पुलिस चौकी का भ्रमण किया। प्रभारी योगेंद्र जायसवाल ने बच्चों को पुलिस के काम करने का तरीका समझाया तथा कानून की जानकारी दी। बुधवार को वैष्णवी ग्रुप आफ स्कूल के प्राचार्य आशीष कुमार गुप्ता,उप प्राचार्य निक्की गुप्ता, शिक्षक पंकज कुमार मिश्रा, शारदा मरावी के साथ सभी बच्चे ने पुलिस चौकी पहुंचे। एक एक करके उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से मुलाकात की। बच्चों ने प्रभारी योगेंद्र जायसवाल से कहा कि पुलिस की भूमिका हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है,आप लोगों की वजह से हम हर जगह सुरक्षित हैं। हमारी इच्छा थी कि कुछ समय आप सभी के बीच गुजारें और करीब से देखें। योगेंद्र जायसवाल ने बच्चों से कहा कि पुलिस चौबीस घंटे आम जनता की सेवा के लिए होती है। हमारी कोशिश होती है कि अपराध पर लगाम लगे, विभिन्न तरीके से आम लोगों की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी बड़े होकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना और हमेशा कानून के साथ रहते हुए देश के लिए काम करना।उन्होंने बच्चों से यातायात के नियमों का पालन करने,नशा से दूर रहने,अपराध रोकने में पुलिस की मदद करने सहित अन्य बातें कहीं।इस दौरान स्कूल के अन्य शिक्षकों के साथ पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### नशे में धुत्त कोल कर्मी ने खुले बदन बैठकर कार में किया स्टंट

बिश्रामपुर। शराब के नशे में खुले बदन कार से स्टंट करने वाले एक कोल कर्मी को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया है। गौरतलब है कि ग्राम सतपता निवासी राहुल गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता जो भटगांव क्षेत्र के शिवानी खदान में नौकरी करता है, बुधवार को शराब के नशे में धुत्त होकर ग्राम करवां स्थित मुख्य मार्ग पर अपनी कार में खुले बदन वाहन को चलाते हुए स्टंट कर रहा था, जिसके चपेट में आने से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और कई राहगीर कार से टकराते बाल बाल बच गए।

## बारिश होते ही सड़क हो जाता है जलमग्न

# सड़क पर जल भराव से आवागमन हुआ मुश्किल, क्षेत्रवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग में पानी का जमाव होने से क्षेत्र के लोगों के अलावा वाहन चालक सहित राहगीर परेशान है। हैरानी की बात तो यह है पी ए म जी ए स वा ई सड़क तो बनाया गया लेकिन नाली निर्माण नहीं होने से बारिश होते ही सड़क पर ही पानी एकत्र हो जाती है जिससे लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती ही है साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।प्रधानमंत्री सड़क निर्माण के अधिकारियों की उदासीन रवैया का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ पड़ रहा है।

**खास बात**

- पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक बन गई सड़क लेकिन नहीं हुआ नाली निर्माण

बतौली पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग की पानी जमाव की समस्या से आज तक क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को मुक्ति नहीं मिल सकी। आलम यह है कि बारिश होते ही सड़क जलमग्न होता है। यह समस्या पूरे बरसात के तीन माह तक बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि हर वर्ष बरसात के मौसम ऐसी स्थिति बनी रहती है लेकिन आज तक किसी ने समस्या से निजात दिलाने किसी प्रकार की पहल नहीं की। बड़ी विडंबना की बात यह है कि बतौली पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण योजना से सड़क तो बना दी गई लेकिन विभाग द्वारा नाली का निर्माण नहीं कराया जिससे बतौली देवरी मार्ग में निवासरत ग्रामीण को आज भी नाली के अभाव व बारिश के मौसम में आवागमन करने में काफी दिक्कतों का करना पड़ रहा है। पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग में पूरे बरसात भर नाली की कमी से पानी का जमाव सड़क पर बना रहता है। जबकि स्कूली बच्चों को भी पानी के जमाव के बीच पैदल स्कूल आते जाते है जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो मार्ग से गुजरने के दौरान तेज रफ्तार वाहन चलने से जमा पानी के छिटकने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के ड्रेस गंदे हो जाते है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़क पर बारिश के पानी जमा होने की समस्या लंबे समय से हो रही है। अगर सड़क निर्माण के दौरान पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करा दिया गया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती।

सड़क पर पानी जमा होने के कारण पैदल चलने वाले लोगों का काफी परेशानी होती है। मार्ग से चार व दो पहिया गुजरने के दौरान पानी छिटकने से पैदल चल रहे लोगों के कपड़े गंदे हो जाते है। सड़क पर जमा गंदा पानी से बरसात में बीमारी फैलने का खतरा भी लोगों पर मंडराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण की मांग की गई है परंतु आज तक किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जिससे राहगीर समेत क्षेत्र के लोग गंदा पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है।



सड़क पर जमा पानी।

### जगह की कमी बड़ी समस्या

प्रधानमंत्री सड़क पुराना बस स्टैंड बतौली से देवरी पहुंच मार्ग में नाली निर्माण में जगह की कमी सबसे बड़ी समस्या है। पुराना बस स्टैंड से बतौली बरपारा होते हुए ग्राम देवरी पहुंच जाता है जहां लगभग 1 किलोमीटर के दायरे में निवासरत रिहायशी इलाका है। जहां ग्रामीणों के घर भी प्रधानमंत्री सड़क से सटे हुए है। ऐसे में प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारियों को भी नाली का निर्माण करना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है जिससे विभाग भी जगह की कमी से विवश नजर आ रहा है।

#### आए दिन होती हैं दुर्घटनाएं

पुराना बस स्टैंड बतौली से देवरी पहुंच मार्ग का उपयोग आसपास के कई गांव के लोग करते है जिससे मार्ग से बड़ी संख्या में हर रोज चार पहिया लेकर दो पहिया आवागमन करती है। ऐसे मे सड़क पर पानी के जमा होने से कई लोग घायल हो चुके है। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती रहती है।

#### नाली निर्माण कराना मुश्किल है

पुराना बस स्टैंड से देवरी पहुंच मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्माण कराया गया है। मार्ग में नाली निर्माण के लिए जगह नहीं है और ग्रामीण नाली निर्माण के लिए जगह देने को तैयार नहीं है। ऐसे में नाली निर्माण कराना मुश्किल है। सड़क पर पानी जमाव न हो उसके लिए मार्ग का संधारण कार्य कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।

-चार्ल्स रोशन एक्का
एसडीओ, पीएमजीएसवाई



## सचिव को ग्राम पंचायत में यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

ग्राम पंचायत कुप्पा के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव संजय कुमार गुर्जर को यथावत ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ किए जाने की मांग को लेकर श्रीमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञापन सौपा।

- ग्रामीणों ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम पंचायत कुप्पा, जनपद पंचायत ओड़गी में पंचायत सचिव के पद पर संजय कुमार गुर्जर कार्यरत है। सचिव कार्यकाल एवं ग्रामीणों के प्रति कार्य व्यवहार अच्छा रहा है। जन प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम जनता से इनका तालमेल अच्छा है। वर्तमान में इनका स्थानान्तरण ग्राम पंचायत कुप्पा से अन्यत्र कर दिया गया है तथा ग्राम पंचायत कुप्पा में किसी अन्य सचिव की नियुक्ति की गई है। जिस सचिव की नियुक्ति ग्राम पंचायत कुप्पा में की गई है उनके पास पूर्व के अन्य ग्राम पंचायत का प्रभार भी है। पूर्व से अन्य ग्राम पंचायतों के प्रभार में है इस कारण वे अपना पूर्ण समय ग्राम पंचायत कुप्पा को नहीं दे पाएंगे जिससे पंचायत का कार्य प्रभावित होगा।

ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ पंचायत सचिव संजय कुमार गुर्जर को यथावत ग्राम पंचायत कुप्पा में पदस्थ करना उचित होगा।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून से अगस्त तक बढ़ाई गई चावल वितरण की समयावधि

**सूरजपुर।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस अंतर्गत माह जून से अगस्त तक के चावल वितरण की समयसीमा 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए चावल का वितरण निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों और उचित मूल्य दुकानदारों को इस कार्य को समय पर संपन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और समय पर उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध हो सके।

## विद्याधन बांटने से बढ़ता है: चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बुधवार को राजमोहिनी देवी भवन में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। सांसद श्री चिंतामणि के साथ ही विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज, विधायक राजेश अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। बच्चों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश व अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया।

इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि विद्याधन एक ऐसा धन है, जिसे जितना बांटा जाए यह और बढ़ता है। दुनिया में बाकी जितने भी धन है, वह चोरी हो सकते हैं परन्तु विद्याधन आपसे कोई नहीं छीन सकता। इसलिए सभी अच्छे से पढ़कर ज्ञान हासिल करें और अपने देश का, माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनकी रुचि के अनुसार खेल सहित अन्य गतिविधियों में भी आगे लाने प्रेरित करें। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज शासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि हम पूर्ण साक्षरता की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे तो शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि हम सब नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेशोत्सव मनाते हैं, यह उत्सव का दिन है, गौरवान्वित होने का दिन है। शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नृत्य एवं नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया। इस दौरान बच्चों के द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों के स्टॉल भी लगाए गए।

इस दौरान सरस्वती सायकल योजना के तहत 9वीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह, जिपं सदस्य श्रीमती पायल सिंह तोमर, श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, श्रीमती राधा रवि, सुश्री रतनी नाग, पार्षद आलोक दुबे, शिवमंगल सिंह, शशिकांत जायसवाल, कलेक्टर, डीईओ अशोक सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




अतिथियों के साथ नवप्रवेशी बच्चे।

### बोर्ड परीक्षाओं एवं विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

इस दौरान छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा 10 वीं से श्रेयारानी, भूमिका राजवाड़े, दिव्या चौहान, खुशबु बारिक तथा कक्षा 12वीं से सावित्री सिंह, वंशिका गुप्ता, लक्ष्मी यादव शामिल है। कार्यक्रम में 68वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी सम्मानित हुए, जिनमें बास्केटबॉल (14 वर्ष बालिका) में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर अनामिका चौबे, फेसिंग( 19वर्ष बालक) में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर शौर्य सराफ, हैंडबॉल ( 14 वर्ष बालिका) में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर गायत्री साय एवं अनुराधा खलखो तथा नेटबॉल (17 वर्ष बालक) में सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर ओम प्रकाश यादव सम्मानित हुए। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता 2025 में संध्या ठाकुर को 100 मीटर रेस (अन्डर 17) में प्रथम एवं साइकलिंग (अन्डर 17) में द्वितीय स्थान, कु. उजाला को 100 मीटर रेस (अंडर 17) में द्वितीय एवं मनिषा को 100 मीटर रेस (अंडर 14) में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।



## शिक्षक साझा मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षक साझा मंच के बैनर तले आज सांस्कृतिक भवन में धरना प्रदर्शन किया गया। महावीर ठाकुर द्वारा विस्तार से चर्चा करते हुए शिक्षक साझा मच की प्रमुख मांग प्रथम सेवा की गणना क्रमोनती,पदोन्नति, लबितएरियस का भुगतान एवं वर्तमान में हुए युक्तिकरण में हुए अनेकानेक दोषो के विरुद्ध तथा 2008 के सेटअप के तहत स्थापना को प्रमुख मुद्दे के रूप में उजागर किया गया।

प्रधान पाठक कृपाल नाथ तिवारी द्वारा संगठन की वर्तमान एकता और आगामी दूरगामी परिणाम के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक संचालक देवसाय सिह टेकाम, राजकुमार सिंह, चंद्रिका सिंह, देवचंद पडो ने भी अपने विचार व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन पश्चात सामुदायिक भवन से बाइक व पैदल रैली निकाल कर एसडीएम को मुख्यमंत्री,शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालक के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान राजकुमार सिंह, दीपक कुमार झा, नागेंद्र सिंह, उज्जैन यादव, विष्णु कुमार जायसवाल, शैलेश कुमार जायसवाल, प्रमोद कुमार गुप्ता, अमित जयपाल, प्रेमसाय पैकरा, अखिलेश पांडे, नीता देवांगन, मानमती प्रशांति कुजूर बैसाखो, संध्या शर्मा, पुष्पिका एक्का, जनार्दन गुप्ता, आनंद गुप्ता, करमचंद गुप्ता, अनिल सिंह, रमेश तिवारी, कुंदन मिश्रा, संतोष तिवारी, विनय तिवारी, बाली प्रसाद गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, राजकुमारी, अरुण एक्का, अशोक मिश्रा, संतोष भारती, लालू तिवारी, चंदन सिंह, भास्कर सिंह, दुर्गा शरण सिंह, शिव दुलार पाटले, अनिल गुप्ता, शिव शंकर सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।



रैली में शामिल शिक्षक।

### शिक्षक साझा मंच ने सभी विकासखण्डों में सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** शिक्षक साझा मंच ने प्रांतीय इकाई के निर्देश पर सरगुजा प्रभारी हरेन्द्र सिंह, सुनील सिंह व जिला संचालक सर्वजीत पाठक, कमलेश सिंह, संदीप पाण्डेय के आह्वान पर सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखण्ड अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकालकर एसडीएम, तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को क्रमोन्नति देने, प्रथम सेवा अवधि की गणना कर पूर्ण पेंशन प्रदान करने, वर्तमान विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तरण को निरस्त कर 2008 का सेटअप लागू कर युक्तियुक्तरण करने की मांग रखी है। संघ ने युक्तियुक्तरण में सभी विकासखण्ड में व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां मिलने तथा समय-समय पर साक्ष्य प्रस्तुत करने के बावजूद अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। साझा मंच के कमलेश सिंह ने युक्तियुक्त करण नीति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर नए सिरे से 2008 के सेटअप के आधार पर युक्ति युक्तकरण करने की मांग की है। विखं अम्बिकापुर से अमित सोनी, सीतापुर से सुशील मिश्र, उदयपुर से लखन राजवाड़े, लखनपुर से राकेश पाण्डेय, लुंड्रा से रणवीर चौहान, मैनपाट से योएल लकड़ा, बतौली से जवाहर खलखो के नेतृत्व में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा।

- युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया निरस्त कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

## घुमंतू बच्चों का किया गया सर्वेक्षण

**सूरजपुर।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रायपुर के निर्देश पर जिले में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थिति में रहने वाले बच्चों का सर्वेक्षण किया गया। कलेक्टर एस जयवर्धन के आदेश पर महिला एवं बालविकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जासयवाल के नेतृत्व में बच्चो का सर्वेक्षण सभी 8 हॉट स्पॉट सहित अन्य विभिन्न स्थानों में चिन्हाकन एवं रेस्क्यू हेतु अभियान चलाया गया।

- 8 हॉटस्पॉट सहित अन्य विभिन्न स्थानों में चिन्हांकन एवं चलाया गया रेस्क्यू अभियान

उक्त संयुक्त टीम द्वारा किराना दुकान, होटल, गैरेज, ईंट भट्टा एवं कारखानों में निरीक्षण किया गया। जिसमें भिक्षावृत्ति में संलिप्त, बाल श्रम में लगे, घुमन्तु बच्चे, स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों की पूछताछ की गई। सर्वेक्षण में सूरजपुर, विश्रामपुर, प्रेमनगर, रामानुजनगर, भैयाथान, भटगांव, जरही स्थलों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन सम्मिलित है। इस दौरान मनोज जायसवाल, श्रीमती अंजनी साहू, पवन धीवर, जनार्दन यादव, दिनेश यादव, रमेश साहू, प्रकाश राजवाडे, एमपी कादरी, पीएस एक्का, डोलामणी मांझी, विवेक गुप्ता, ललित दुबे, हरी शंकर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।




## युवती का मोबाइल नंबर मांगने से नाराज आधा दर्जन युवकों ने बस परिचालक की कर दी पिटाई

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर बस स्टैंड में आधा दर्जन बदमाश युवकों ने बुधवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे मनेंद्रगढ़ से बनारस जा रही सिंह बस के सामने लगे कांच में तोड़फोड़ कर परिचालक की पिटाई की है।बताया गया कि मनेंद्रगढ़ से बनारस के लिए जा रही सिंह बस क्रमांक सीजी 15 डीयू 9618 जैसे ही बिश्रामपुर बस स्टैंड पहुंची, इसी दौरान अचानक बस के सामने से पहले से इंतजार कर रहे आधा दर्जन युवकों ने बस में तोड़फोड़ करते हुए परिचालक की पिटाई कर दी है जिससे उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मौके पर उत्पात मचा रहे युवक बस के परिचालक को खोजते हुए मौके पर पहुंचे थे,उनका आरोप था कि बस में उसने युवती से छेड़खानी करते हुए उसका मोबाइल नंबर मांगा है,ऐसी ही हरकत परिचालक पहले भी दो बार युवती के साथ कर चुका है जिस बात से नाराज होकर स्थानीय युवकों ने बस के परिचालक ग़ल्लू नामक युवक की पिटाई कर दी, इसके बाद युवकों ने आवेश में आकर बस के सामने के हिस्से का कांच तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।घटना के बाद भयवश परिचालक मौके से भाग निकला, इस दौरान मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।बस में सवार यात्रियों को भी कुछ देर तक मामला समझ नहीं आया और वे घटना के दौरान चुपचाप सहमे बस के भीतर ही बैठे रहे,बाद में बिश्रामपुर पुलिस आई और मामले की जानकारी ली। पुलिस के आने के बाद बस को बनारस के लिए रवाना किया गया।पुलिस बदमाश युवकों की तलाश में जुटी है।

- बस के सामने लगे कांच को भी तोड़कर किया क्षतिग्रस्त
- बस परिचालक के सिर व अन्य हिस्से में आई चोटें






# सीएम योगी की बायोपिक का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की बायोपिक बनकर तैयार है। फिल्म 'अजयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' का टीजर भी रिलीज हो चुका है। टीजर में योगी आदित्यनाथ के संन्यास लेने, योगी बनने और फिर राजनीति में आने की झलक है। फिल्म के डायलॉग भी दमदार हैं। फिल्म के टीजर में सबसे पहले उत्तराखंड के रहने वाले एक युवा अजय का जीवन दिखाया जाता है। कम उम्र में वह संन्यास लेकर योगी आदित्यनाथ बन जाते हैं। योगी के तौर पर वह उत्तरप्रदेश में बाहुबलियों का जंगलराज देखते हैं। ऐसे में प्रण लेते हैं कि प्रदेश को अपराध मुक्त करेंगे।

लाइफ Style

# खुशी

## बी-ग्रेड फिल्मों दिखाया हुनर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद और कंगना शर्मा के बाद अब इंटरनेट पर जो आलोचना का शिकार हो रहा है, वो है खुशी मुखर्जी। वह अपने अभद्र ड्रेसिंग के कारण सुर्खियों में छाई हुई हैं। फलक नाज से लेकर शिव छाकरे और जरीन खान तक ने उन्हें खरीखोटी सुनाई है। उनके पहनावे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



मुंबई की सड़कों उनका अर्धनग्न अवस्था में घूमना, किसी को भी रास नहीं आ रहा है। खुशी मुखर्जी मुंबई में कई बार स्पॉट हुईं। कुछ वक्त तो उनके आउटफिट ने सीमा पार नहीं की, लेकिन जब वह अश्लील लिबास पहनकर मीडिया के सामने आईं तो हर कोई आगबबूला हो गया। लेकिन, उन्होंने खुद को डिफेंड किया और खुद की तुलना बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से की। कुछ नाम लेकर सफाई दी कि वह उनसे इन्सपायर्ड हैं। खुशी मुखर्जी ने 'स्पिल्ट्सविला 10' और 'लव स्कूल 3' में किया था और इससे वह फेमस हुई थीं। इसके अलावा उन्होंने तमिल फिल्म 'अंजल थुरई' में भी काम किया था, जो कि 2013 में रिलीज हुई थी। वह तेलुगू फिल्म 'डोंगा प्रेमा' और 'हार्ट अटैक' जैसी मूवीज भी कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, श्रृंगार के साथ बी-ग्रेड हिंदी फिल्मों में काम किया है। खुशी मुखर्जी ने टीवी शोज में भी काम किया है। वह 'बालवीर रिटर्न्स' में दिखाई दी थीं, जिसमें उन्होंने ज्वाला परी का रोल निभाया था। इसके अलावा, वह मैथोलॉजिकल शो 'कहत हनुमान जय श्री राम' में भी दिखाई दी थीं। वह एडल्ट थीम वीडियो, जैसे गांडू (2019), नूरी (2020), स्ट्रेंजर (2021) और 2024 में आए 'जंगल से दंगल' में फीचर हुई हैं। खुशी मुखर्जी का जन्म 24 नवंबर, 1996 को कोलकाता में हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# बम-बम गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने प्रियंका चोपड़ा का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो लंदन की सड़क पर खड़ी होकर डांस करती दिख रही हैं। इस वीडियो को देखकर लोगों ने खूब सारे कॉमेंट्स भी किए हैं। प्रियंका कैमरे के सामने 'बम बम' गाने पर मटकती दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस को फैंस ने समझ लिया 'न्यूली वेड कपल', कपल के देसी अंदाज ने जीता फैंस का दिल! निक जोनस एक बार फिर से प्रियंका चोपड़ा के चाहने वालों का दिल जीतते नजर आ रहे हैं।





# बॉक्स ऑफिस पर फीका पड़ा ब्रैड पिट का जादू...

**मुंबई।** हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फॉर्मूला वन रेसिंग पर आधारित फिल्म 'एफ1' ने पहले दिन शुक्रवार को 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म ने दूसरे दिन 7.75 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'एफ-1' ने तीसरे दिन रविवार को 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने चौथे दिन सोमवार को 3.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं फिल्म का आज का कलेक्शन भी सामने आ चुका है। पांचवें दिन मंगलवार को फिल्म ने सिर्फ 2.8 करोड़ रुपए की कमाई की है, जो पहले दिन के मुताबिक काफी कम है। 'एफ1' ने कुल मिलाकर अब तक 27.55 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की ने किया है।



# द राजा साब में कैमियो करती आएंगी नजर

**मुंबई।** करीना कपूर खान को लेकर लंबे समय से चर्चा रही है वह साउथ सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। कुछ महीने पहले यह खबर भी आई थी कि वह संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' में प्रभास के अपोजिट कास्ट की गई हैं। लेकिन फिर पता चला कि दीपिका पादुकोण की जगह इस फिल्म में तृप्ति डिमरी को कास्ट किया गया है। अब करीना को लेकर एक बार फिर से नई खबर आई है। नई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है वह 'द राजा साब' में प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी! बताया जाता है कि 'द राजा साब' में करीना कपूर खान किसी किरदार में तो नजर नहीं आएंगी, लेकिन वो एक स्पेशल डांस नंबर करने जा रही हैं। हालांकि, इन खबरों पर मेकर्स या करीना की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस आइटम डांस नंबर में करीना और प्रभास साथ में थिरकते नजर आएंगे।



# शिव का किरदार निभाना चाहते हैं अर्जुन

**मुंबई।** अर्जुन रामपाल हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'राणा नायडू 2' में विलेन के रोल में नजर आए हैं। अक्सर अपने किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट करने वाले अर्जुन इससे पहले भी ओम शांति ओम, रा वन और धाकड़ समेत कई फिल्मों में विलन की भूमिका निभा चुके हैं। लीड हीरो के तौर पर वे आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म डैडी में नजर आए थे। इसे उन्होंने प्रोड्यूस भी किया था। अब अर्जुन एक पौराणिक किरदार निभाने की चाह रखते हैं। एक बातचीत में उन्होने कहा कि मैं भगवान शिव का किरदार निभाना चाहूंगा। उनके व्यक्तित्व में गहराई है, एक रहस्य है। उस रोल को करने के लिए पूरी तरह से उसमें उतरना पड़ेगा और यही मुझे पसंद है। मैं इसे बेहद सादगी और ईमानदारी से दर्शकों के सामने पेश करना चाहूंगा।

टीवी मसाला



# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में क्रिकेटरों ने की मजेदार बातचीत

**नई दिल्ली।** ' द ग्रेट इंडियन कपिल शो ' सीजन 3 के आगामी एपिसोड में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर और खिलाड़ी ऋषभ पंत, अभिषेक शर्मा, युजवेंद्र चहल दिखाई देने वाले हैं। प्रोमो ने पहले ही फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिसमें क्रिकेटरों और कपिल के बीच एक मजेदार बातचीत को दिखाया गया है। प्रोमो में कपिल शर्मा ने मजाकिया अंदाज में पूछा, 'ड्रेसिंग रूम का सीन कैसा है? क्या गौतम भाई आप सभी के साथ गंभीर हैं?' ऋषभ पंत हंसते हुए जवाब देते हैं, 'जब मैच में उतार-चढ़ाव होते हैं, तो हम सभी तनाव में होते हैं। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है।' मजाकिया अंदाज में बीच में कूदते हुए गौतम गंभीर ने जवाब दिया, 'यह ऐसा है कि जब आपका शो अच्छा नहीं चलता है, तो आप कैसे प्रतिक्रिया देंगे?' इस एपिसोड में गौतम गंभीर ने मैदान पर अपनी तेजी के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर कहते हैं कि मैं मैदान पर लड़ता हूं। लेकिन, मैं किसके लिए लड़ रहा हूं? यह कभी अपने लिए नहीं होता - यह मेरे देश के लिए होता है।' इस पावर-पैक एपिसोड के लिए फैंस पहले से ही एक्साइटेड हैं। क्लासिक कपिल शर्मा के शो को फिर से जगाने के लिए उनकी जुगलबंदी की तारीफ की जा रही है। क्रिकेट स्टार्स और कपिल के सिग्नेचर ह्यूमर के साथ, यह एपिसोड जाहिर तौर पर यादगार होगा।

## शादी करने जा रहा टीवी का ये चहेता कपल

**मुंबई।** टीवी के सबसे चहेते कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। फैंस



जहां लंबे समय से दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अब वाकई 'तेजरन' शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं? लोगों को हंसाने वाला शो लाफ्टर शेफ्स 2 अब अपने अंतिम चरण में है। हाल ही में इस शो का एक नया प्रोमो सामने आया जिसमें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंडितों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। एपिसोड में जहां सभी कंटेस्टेंट्स खास व्यंजन बना रहे थे, वहीं कृष्णा अभिषेक का एक मजाकिया सवाल शो में चर्चा का विषय बन गया। प्रोमो में देखा गया कि कृष्णा अभिषेक ने पंडितों से कहा कि ये करण हैं अब शादी करने जा रहा है। जिसपर पंडित जी ने कहा कि शादी के बिना जीवन अधूरा है। इसके बाद कृष्णा मजाक करते हुए फिर कहते हैं कि अगर एक शादी से जीवन अधूरा है, तो क्या तीन-चार कर लेनी चाहिए?

# करण जौहर की फिल्म में विलेन बनेंगे मनीष पॉल!

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई कलाकार ऐसे हैं जिन्होंने टीवी की दुनिया से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इन्हीं कलाकारों में शामिल हैं, मनीष पॉल। मनीष पॉल पिछले दिनों करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'जुग जुग जीयो' में कियारा आडवाणी के भाई के रोल में नजर आए थे। अब मनीष पॉल ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में मनीष पॉल को पहचानना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन, मनीष की तस्वीरों से ज्यादा ध्यान खींचा है इन तस्वीरों पर उनके कैप्शन ने। जितना हैरान लोग मनीष पॉल के इस लुक को देखकर हुए हो रहे हैं। उतना ही चौंका रहा है, उन्हें मनीष पॉल का कैप्शन। एक्टर ने लिखा, 'किसी ने मुझे किया कॉन, मेरे बालों को किया गॉन। क्या होगा मेरा कर्मा, डिसाइड करेगा धर्मा।'इसके साथ ही मनीष पॉल ने करण जौहर को मेंशन करते हुए पूछा है क्या कहते हो केजो? मनीष पॉल का ये कैप्शन अब हर किसी का ध्यान खींच रहा है और हर किसी के मन में अब बस ये ही सवाल चल रहा है क्या मनीष पॉल करण जौहर की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं? क्या मनीष करण की अगली फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं? वरुण धवन ने कमेंट करते हुए लिखा, 'इसके लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। लेकिन, बताऊंगा नहीं।'वरुण के इस कमेंट से ये साफ होता है कि मनीष पॉल का ये लुक किसी फिल्म के लिए है और वो जल्द ही किसी जबरदस्त किरदार में नजर आने वाले हैं।



# 77 साल की मुमताज हर 4 महीने में करवाती हैं फेस फिलर्स

**मुंबई।** अपने समय की खूबसूरत एक्ट्रेस मुमताज ने आज भी अपनी ब्यूटी को बरकरार रखा हुआ है। अब मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में वह चेहरे पर फिलर्स का इस्तेमाल करती हैं और उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसके अलावा उन्होंने अपनी फिटनेस का राज भी बताया है। कई एक्ट्रेसेस फिलर्स या फेस सर्जरी करवाती हैं। अब 1960 से 70 दशक की एक्ट्रेस मुमताज ने अपने फिटनेस रूटीन की बात की और साथ ही कॉस्मैटिक फिलर्स को लेकर भी अपनी बात रखी। मुमताज ने बताया कि कैसे 77 साल की उम्र में उन्होंने खुद को फिट रखा है। इसके अलावा उनका मानना है कि खूबसूरती को मेंटेन रखने के लिए जो लोग सर्जरी भी करवाते हैं, वो भी गलत नहीं है।



### कैसे रखती हैं खुद को फिट

मुमताज ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं 7 बजे खाना खाती हूं, 1 घंटे तक वर्कआउट करती हूं और फिर प्रॉपर डाइट फॉलो करती हूं। अगर आप वर्कआउट नहीं करोगे तो आप अच्छे नहीं

### करवाती हैं फिलर्स

मुमताज ने आगे कहा, 'मैंने कभी फेसलिफ्ट नहीं किया है, लेकिन कभी जब मैं बहुत थक जाती हूं तो अपने चेहरे के राइट और लेफ्ट साइड फिलर्स करवाती हूं। उससे चल जाता है 1-2 महीना। मैं 4 महीने में एक बार करवाती हूं। अभी तक सर्जरी की जरूरत नहीं लगी है मुझे।'

### सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं

*मुमताज ने आगे यंग एक्ट्रेसेस जो प्लास्टिक सर्जरी करवाती हैं इस पर कहा, 'अगर आपको लगता है कोई चीज कम है तो आप उसे ठीक कर सकते हो। ये कोई क्राइम नहीं है। सब अच्छा और खूबसूरत दिखना चाहते हैं। अगर मुझे लगा कि मुझे कुछ करवाने की जरूरत है, मैं भी कर सकती हूं। अगर मुझे प्लास्टिक सर्जरी भी करनी पड़ी तो मैं कर लूंगी। अगर इससे मैं और खूबसूरत हो सकती हूं तो क्यों नहीं।'*

### करना चाहती हैं कमबैक

*मुमताज की फिल्मों की बात करें तो वह लास्ट साल 1990 में रिलीज हुई फिल्म आंधियां में नजर आए थे। शादी के बाद उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी। हालांकि, अब मुमताज कमबैक करना चाहती हैं। वह चाहती हैं कि उन्हें अच्छे रोल मिलें, लेकिन उनकी एक डिमांड है कि वह फिल्म में बुड्ढी का रोल नहीं करने वाली हैं। वह चाहती हैं कि जैसे वह दिखती हैं, उन्हें उस हिसाब से ही रोल मिले।*

## राम कपूर को अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का करना पड़ा था सामना

# इस सेलेब ने कम किया 155 किलो वजन, कई दिग्गज एक्टर्स भी लिस्ट में शामिल

*नई दिल्ली। हाल ही में निर्माता करण जौहर को उनके लुक्स को लेकर काफी ट्रोल किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने अपना वजन कम किया है। इसके अलावा अभिनेता राम कपूर को भी अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा था। ऐसे कई एक्टर्स हैं, जिनके लुक्स में अचानक बदलाव ने सभी को चौंका दिया था।*



**जरीन खान :** बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री जरीन खान, जिन्होंने सलमान खान अभिनीत 'वीर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्हें लोग शुरुआत में कैटरीना कहते थे, लेकिन बाद में वजन बढ़ने के कारण, उन्हें ट्रोलर्स का सामना करना पड़ा। फिर उन्होंने अपने ट्रांसफॉर्मेशन से सभी को करारा जवाब दिया था।



**सारा अली खान :** एक्ट्रेस सारा अली खान भी शुरुआती दिनों में काफी हेल्दी हुआ करती थी। उनका वजन एक समय 96 किलो था, फिर उन्होंने अपना वेट लॉस किया, जिसके लिए उन्होंने डेढ़ साल मेहनत की। आज के समय में अभिनेत्री को काफी फिट अभिनेत्रियों में शामिल किया जाता है। सारा अली खान ने 'केदारनाथ' फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।



**भूमि पेडनेकर :** यहां हम आपको बता रहें उन एक्टर्स के बारे में, जिन्होंने अपना वजन कम करके लोगों को हैरत में डाल दिया। वहीं भूमि पेडनेकर एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने 'दम लगा के हईशा' के लिए काफी वजन बढ़ाया था। इस फिल्म में वह बहुत हेल्दी नजर आई थीं। हलांकि, इसके बाद भूमि पेडनेकर ने दोबारा वजन कम करके सभी को हैरान कर दिया था। उस समय अभिनेत्री का ट्रांसफॉर्मेशन चर्चा का विषय बना हुआ था।



**करण जौहर :** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता करण जौहर हाल ही में अपने लुक्स को लेकर खूब ट्रोल हो रहे हैं। बीते दिनों निर्माता ने 17 किलो वजन कम किया था, जिस कारण उनका हालिया लुक्स नेटिजंस को हैरान कर रहा है।



**राम कपूर :** टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता राम कपूर ने भी पिछले महीने हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन किया। अभिनेता ने 18 महीनों में 55 किलो वजन कम किया। उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखकर नेटिजंस ने उनपर वजन कम करने के लिए सर्जरी या दवाएं लेने का आरोप लगाया। हालांकि, अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्होंने नेचुरल तरीके से 55 किलो वजन घटाया है, वो भी नॉर्मल डाइट और एक्सरसाइज करके।



**अदनान सामी :** इन सबमें सबसे हैरान करने वाला ट्रांसफॉर्मेशन मशहूर सिंगर अदनान सामी का रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गायक ने 155 किलो वजन कम किया था। पहले वो 230 किलो के थे, फिर बाद में वो 75 किलो के हो गए थे। इसके अलावा एक समय डॉक्टरों ने उनको सलाह दी थी कि अगर उन्होंने वजन कम नहीं किया, तो उनकी जान को खतरा हो सकता है।

**खबर संक्षेप**

## नालसा के मार्गदर्शन पर अभियान 30 सितम्बर तक

**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एनएएलएस और सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति एमसीपीसी लंबित मामलों के निपटारे के लिए 1 जुलाई से 90 दिनों का राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाएंगे। अखिल भारतीय मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य तालुका अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक की अदालतों में लंबित उपयुक्त मामलों को निपटाना और विवाद समाधान के लोगों के अनुकूल तरीके के रूप में देश के हर नुक्कड़ और कोने में मध्यस्थता ले जाना है। विज्ञप्ति में कहा गया है सीजेआई भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और नालसा और एमसीपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन मेंए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और एमसीपीसी द्वारा 90 दिनों के लंबे मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान की अवधारणा बनाई गई है।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ उपाध्यक्ष बने श्याम

**घरघोड़ा।** श्याम भोजवानी को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में प्रदेश संयुक्त सचिव तथा बिलासपुर संभाग के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उनके योगदान को देखते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक आशिफ इकबाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी तथा प्रदेश महासचिव शशांक दुबे ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी।

## शनिवार को मौसी घर से लौटेंगे महाप्रभु जगन्नाथ

**घरघोड़ा।** भगवान श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ शनिवार को अपने मूल निवास जगन्नाथ मंदिर, घरघोड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ वापस लौटेंगे। रथ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रभु 27 जून को तीनों स्वरूपों के साथ अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुए थे। परंपरा के अनुसार, हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को रथ यात्रा निकाली जाती है और भगवान कुछ दिन मौसी के घर ठहरने के बाद बहुड़ा यात्रा वापसी यात्रा करते हैं। वापसी यात्रा की विशेष तैयारियां पंडित गिरिधर पंडा ने बताया कि बहुड़ा यात्रा के लिए मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और शहर भर में आध्यात्मिक उत्सव का वातावरण बना हुआ है। सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं और प्रशासन ने यातायात और श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु विशेष व्यवस्था की है। रथ यात्रा में भाग लेने वाले भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग भगवान के रथ को खींचने के लिए उमड़ रहे हैं, जिसे पवित्र कर्म माना जाता है।

## किसानों को 14 हजार एमटी खाद का वितरण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला अंतर्गत सहकारिता क्षेत्र में कृषकों को अधिक से अधिक खाद एवं बीज प्रदाय करने के संबंध में लगातार शासन तथा प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिले के कुल 69 सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2025 में खाद का अग्रिम भण्डारण करते हुए खाद वितरण का कार्य किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में विरूद्ध 18945 टन खाद का भण्डारण समितियों द्वारा किया जा चुका है तथा 14419 मैट्रिक टन खाद का वितरण लगभग 20 हजार किसानों को किया जा चुका है।

**पृष्ठ 1 का शेष**

## विद्यार्थियों की कम ...

सत्र में पत्थलगांव का तिलीपखना विद्यालय में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या घट कर अब जीरो पर आ गई है। शिक्षा अधिकारी विनोद पैंकरा का कहना है कि इस पाठशाला में पदस्थ दोनों शिक्षकों को अन्य स्कूल में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। पत्थलगांव शिक्षा अधिकारी विनोद पैंकरा ने बताया कि यंहा के 10 से अधिक स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या में भारी कमी के मद्देनजर वंहा के प्रधान पाठकों को जूलाई माह के भीतर ही उपस्थिति बढ़ाने के लिए कड़ी चेतावनी दी गई है। इन स्कूलों में समन्वय और प्रधान पाठकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी जा चुकी है।

### पुलिस ने आरोपी को बिना गिरफ्तार किए ही सुलझाया मामला, जेवरात बरामद

# दोस्त ने किया विश्वासघात, उसी ने अतिथि बुटिक से चुराए थे सोने के बिस्किट व कैश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनिया नगर में अतिथि बुटिक से लाखों की चोरी मामले का भांडाफोड़ हुआ है। दोस्त ने ही दोस्ती में विश्वासघात करते हुए अपने दोस्त के घर से सोने के बिस्किट, जेवरात व कैश को पार किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किए बिना ही इस मामले को सुलझा दिया है। हालांकि फरार आरोपी के तलाश करने की बात कही जा रही है।

दरअसल 25 जून को अनूप अग्रवाल (55) निवासी सोनिया नगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि वे कपड़े के व्यवसायी हैं। 22 जून को वे अपनी पत्नी के साथ शहर से बाहर थे, उनका बेटा आदित्य अग्रवाल घर में मौजूद था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि उस रात उसका दोस्त पंडित धीरज तथा तीन स्टाफ घर में मौजूद थे, जो देर रात चले गए। अगले दिन जब स्टाफ पहुंचे तो आदित्य की तबियत ठीक नहीं थी, जिसे परिचितों ने अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। 23 जून को जब आदित्य ने घर के दूसरे मंजिल का आलमारी चेक किया तो वहां रखे चार सोने के बिस्किट गायब थे, साथ ही ग्राउंड फ्लोर ऑफिस से 340000 नगदी, दो इस्तेमाली सोने की अंगूठी भी चोरी हो गई थी। चोरों ने बचने के लिए बुटिक में लगे सीसीटीवी डीवीआर और पीओई स्विच भी निकाल लिए थे।





### ऐसे पता चला दोस्त ही है चोर

पुलिस को अहम सुराग तब मिला जब सर्किट हाउस के सामने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मीर रिजवान अली ने जानकारी दी कि उसका बचपन का मित्र धीरज शर्मा उर्फ पंडित धीरज घटना के अगले दिन सुबह उससे मिला था। धीरज ने उसे एक थैला रखने दिया और कहा कि फोन मत करना, बाद में आकर अपना सामान ले जाएगा। धीरज की हरकतें संदिग्ध लगने पर मीर ने थैला खोला तो उसमें रुमाल में लिपटा चार सोने का बिस्किट और चांदी देखकर वह हैरान रह गया। मीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार सोने की बिस्किट और तीन चांदी का सिल्ली, 3 अंगूठी जब्त कर लिया है, जिनकी कुल कीमत 42 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

### फरार आरोपी की चल रही तलाश

पुलिस ने घटना के दिन से ही आरोपी धीरज शर्मा की गतिविधियों को खंगालना शुरू किया। पूछताछ में प्रार्थी, उसका पुत्र आदित्य और अन्य गवाहों से भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। आरोपी धीरज शर्मा अपने साथ कुछ अन्य सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। मुख्य आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर बचा हुआ माल जप्त करने की बात कही जा रही है।

### पहले से था परिचितों पर शक

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दिव्यांग कुमार पटेल और कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल की टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को अंदरूनी व्यक्ति की संलिप्तता का अंदेशा हो गया था। इसके बाद प्रार्थी, उसके पुत्र और परिचितों पर नजर रखते हुए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही थी। वहीं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध अपराध दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे थे।

### प्रतिष्ठित मंदिर का पुजारी है आरोपी

बताया जा रहा है कि आरोपी धीरज शर्मा शहर के प्रतिष्ठित निकले महादेव मंदिर का पुजारी है। उसके द्वारा इस तरह के कृत्य को अंजाम देने से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि आरोपी के इस कारनामे से मंदिर प्रबंधन का कोई लेना देना नहीं है।

### तलाश जारी

फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कोतवाली थाने की पुलिस व साइबर सेल की टीम लगी हुई है। अभी तक उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला है, लेकिन जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है।

**सुखनंदन पटेल, टीआई कोतवाली**



# सरिया में 25 सालों से जमे डॉक्टरों के तबादले की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

25 वर्षों से पदस्थ डॉक्टरों के तबादला होने के बाद भी संशोधित आदेश जारी कर तबादला रोक दिए जाने से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में तीव्र रोष व्याप्त है। इसके लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसीलदार सरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग किया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉक्टरों के तबादला आदेश को निरस्त न किया जाए। और यहां पदस्थ डॉक्टरों का तबादला जिस जगह में किया गया है वहां भेजा जाए, अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया है। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से पदस्थ डाक्टरों के तबादला होने के बाद भी संशोधित आदेश के तहत बादला रोक दिया गया है। जिसको लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आज बुधवार को तहसील कार्यालय सरिया में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कोमल साहू को ज्ञापन सोपा है। तहसीलदार कोमल साहू को सौंप गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सारंगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से पदस्थ दो डॉक्टर आर एल सिदार और डॉ सुरेश कुमार खूंटे का हाल ही में तबादला क्रमशः पत्थलगांव और कोडागांव किया गया था। जनता आस लगाए बैठी थी कि सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कर्म प्रधान डॉक्टर मिलने जा रहा है। जो कि शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को अच्छे से इलाज व समय की उपलब्धता प्रदान करें। एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष निखिल डनसेना ने आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में पदस्थ डॉक्टर सरकारी समय में खुद की निजी क्लीनिक में अपना समय देते हैं। जो की पूर्ण रूप से सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के जान से खिलवाड़ है। व सरकारी नियमों का उल्लंघन को दर्शाता है।

# सरिया में गरीब बच्चों की सुध ले प्रशासन

**सरिया।** नगर के एक प्राइवेट स्कूल विगत 4 साल से बंद होने पर आरटीई बच्चों के सुध प्रशासन द्वारा नहीं लिए जाने से जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत प्रशासन से करते हुए उचित जांच करवाई की मांग की है। लंबे समय से प्राइवेट स्कूल के संबंध में जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करने की मांग किया गया। लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण जागरूक नागरिकों ने तहसीलदार सरिया को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षा बाधित न हो। इसके लिए प्रशासन को स्कूल बंद होने की स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। विशेष रूप से आरटीई छात्रों को सरकारी स्कूलों या अन्य निजी स्कूलों में समायोजित करने



की व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि उनकी पढ़ाई और छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल सके। इसी गंभीर समस्या को लेकर आज बुधवार को एक बार की नगर के जागरूक नागरिकों ने तहसीलदार सरिया को ज्ञापन देकर मांग किया है कि नगर के 34 वर्ष पुराना चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर बंद होने पर यहां के आरटीई छात्रों की स्थिति को लेकर ज्ञापन सोपा है।

तहसीलदार को सौंपेंगे ज्ञापन में लिखा गया है की चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर विगत 4 साल से बंद है। लेकिन तथाकथित लोगों के द्वारा उक्त भवन पर एक अन्य प्राइवेट स्कूल का संचालन किया गया। बताया गया कि आरटीई के तहत पढ़ रहे करीब 46 छात्रों का सुध प्रशासन द्वारा क्यों नहीं लिया गया तथा इन छात्रों की वर्तमान में क्या स्थिति है। इनको मिलने वाले छात्रवृत्ति राशि किसने हड़प लिया है। आदि बिंदुओं पर जांच हेतु प्रशासन से बार.बार निवेदन किया गया लेकिन प्रशासन की कुंभकरणी नींद अब तक नहीं खुली है। नागरिकों ने बुधवार को एक बार फिर तहसीलदार सरिया कोमल साहू को ज्ञापन देकर चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर की जांच की मांग की है। मुरली पाणिग्राही ने बताया कि प्रशासन को यह तय करना चाहिए कि आरटीई छात्रों को नए स्कूलों में समायोजित करने के बाद उनकी पढ़ाई बाधित न हो और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाओं प्रदान की जाए तथा शासकीय भवन में प्राइवेट स्कूल संचालक पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## नगर निगम में 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त

**रायगढ़।** एक उम्र के बाद शासकीय कार्य से सेवानिवृत होने की परंपरा है। इसे निभाना होता है, लेकिन सेवानिवृत निगम के हर एक कर्मचारियों के साथ निगम परिवार हमेशा साथ रहेगा। उक्त बातें सोमवार 30 जून को निगम के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में महापौर जीवर्धन चौहान ने कही। 30 जून सोमवार को निगम के पंप अटेंडेंट अनिल मिश्रा, प्यून आरजू सांडे, सफाई दरोगा कमलेश मिश्रा, प्यून राम नारायण तिवारी, नरसिंह माली, सुरेश यादव सेवानिवृत हुए। सभी ने निगम के अंतर्गत 20 से 30 वर्ष तक की सेवा दी। इस मौके पर उन्हें ससम्मान निगम परिवार द्वारा विदाई दी गई। महापौर श्री चौहान ने कहा कि वर्षों से आप सभी ने निगम में अपने कार्य क्षमता का परिचय देते हुए बेहतर परिणाम दिए। अब सेवानिवृत के बाद आप सभी अपने परिवार जनों को समय देते हुए बहुमूल्य समय बिताएंगे।

# पुलिस का ऑपरेशन आघात-स्कूलों के पास तंबाखू बेचने वालों पर कसा शिकंजा

**जशपुरनगर।** जिले में नशा उन्मूलन को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 'ऑपरेशन आघात' के तहत मंगलवार को जिले भर में एक विशेष अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाखू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत कार्रवाई की।

यह कार्रवाई सिगरेट एवं अन्य तंबाखू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के प्रावधानों के तहत की गई, जिसके अंतर्गत स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाखू उत्पाद की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके उल्लंघन पर जुर्माना व अन्य दंड का प्रावधान है।



**91 प्रकरणों में 18,200 रूपए का जुर्माना वसूला**

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 91 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 18 हजार 2 सौ रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को इस अधिनियम के नियमों की जानकारी दी गई और भविष्य में नियमों का उल्लंघन न करने की हिदायत भी दी गई।

### कार्रवाई का ब्यौरा

पत्थलगांव 7 प्रकरण, 14 सौ रुपए जुर्माना, दुलदुला 4 प्रकरण, 14 सौ रु रूपए, कुनकुरी 11 प्रकरण, 22 सौ रुपए, तपकरा 4 प्रकरण, 8 सौ रुपए, बागबहार 7 प्रकरण, 14 सौ रुपए, कांसाबेल 11 प्रकरण, 2 हजार 2 सौ रुपए , बगीचा 9 प्रकरण, 18 सौ रुपए, आस्ता 9 प्रकरण, 18 सौ रुपए, तुमला 4 प्रकरण, 8 सौ रुपए, लोदाम 9 प्रकरण, 18 सौ रुपए, कोतबा (चौकी) 7 प्रकरण, 14 सौ रुपए, उपर कछार (चौकी) 6 प्रकरण, 12 सौ रुपए। इस प्रकार कुल 91 प्रकरणों में 18 हजार 2 सौ रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### पुलिस का सख्त संदेश

इस संदर्भ में एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए जिले में कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाखू उत्पादों की बिक्री बच्चों व युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। आने वाले समय में इस दिशा में और सघन अभियान चलाए जाएंगे।

## प्रभावित न हो सफाई कार्य यह करें सुनिश्चित : कमिश्नर

**रायगढ़।** शहर की सफाई व्यवस्था सर्वोपरि है। इसमें यदि सफाई कर्मचारी ज्यादा अनुपस्थित रहते हैं, तो वैकल्पिक तौर पर कार्य करें। शहर की सफाई कार्य किसी भी हाल में प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करें।

उक्त बातें निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को आयोजित टी एल समय सीमा सह कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। सबसे पहले कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, लोक शिकायत पोर्टल से संबंधित आवेदनों पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने एक एक आवेदन पर किए गए कार्रवाई की जानकारी ली। इसमें कई आवेदनों पर समय सीमा पर कार्रवाई नहीं की गई थी। इसपर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र ही आवेदनों एवं शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट तौर पर कहा कि जनदर्शनए लोक शिकायत पोर्टल एवं कार्यालय में आए आवेदनों पर समय सीमा के भीतर करवाई एवं निराकरण होना चाहिए। समय सीमा के भीतर आवेदनों एवं शिकायतों पर निराकरण नहीं होने की स्थिति पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ी दुर्घटना से पहले सड़क का बनना जरूरी

**पुसौर।** पुसौर के बोरोडिपा चौक से रायगढ पहुंच मार्ग के मुंहाने के कुछ दूर तक सड़क पिछले कई वर्षो से कच्चा है। जिसे शासन प्रशासन के लोग बखूबी जानते हैं। बावजूद इसके सड़क को ठीक करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। ना ही नए सिरे से सड़क बन रहा है। ऐसी स्थिति में सड़क पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वर्तमान स्थिति में बरसात के चलते रोड में बड़े बड़े गढ्ढे बन चुके हैं, जिसमें पानी भी भरा होता है। जहां बाईक व फोर व्हीलर फसते रहते हैं। इसमें खासकर बाइक सवार लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जब से बरसात प्रारंभ हुआ है तब से प्रतिदिन सायकिल सवार स्कूली छात्र, बाईक में आ रहे छात्र-छात्रा एवं शासकीय कर्मचारी किचड और दुर्घटना से बाल बाल बचते रहे हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक इसमें से दर्जनों कीचड में सराबोर होने के कारण या तो वो ड्यूटी नहीं जा रहे या तो स्कूल अटेंड नहीं कर रहे हैं। रोड की यह स्थिति कई सालों से बनी हुई है जिस पर अब तक के शासन प्रशासन के लोगों ने कोई स्थाई हल नहीं निकाला है। बताया जाता है कि मुहाने की यह भूमि विवादित है जिसका मामला न्यायालय में लंबित है इसलिए चाह कर भी इसमें स्थाई रूप से रोड नहीं बनाया जा रहा है।

### आयुक्त ने किया देर रात तक शहर के जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

# कच्ची नाली निकाल कर जल भराव को किया गया नियंत्रित

**रायगढ़।** मंगलवार की शाम हुई तेज बारिश से शहर के विभिन्न स्थान मोहल्लों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई, जिसपर कच्ची नाली निकालकर, नाली के मुहानों पर जमे कचरा को जेसीबी से निकलवाकर एवं पानी निकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी निकासी बहाल किया गया। इससे कुछ ही समय में जल भराव की स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान देर रात तक निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया।

मंगलवार की शाम अचानक करीब 3 घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे शहर के निचले स्तर पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसे लेकर कमिश्नर बृजेश क्षत्रिय ने पैठु डबरी लए निर्मल लॉज, संजय काम्पलेक्स, सिद्धि विनायक कॉलोनी, इंदिरा नगर, भगवानपुर, कृष्ण कुंज कॉलोनी,न्यू होराइजन स्कूल, रामभाठा सब स्टेशन, मोहदापारा पुल, चांदगीराम पुल, किसान राइस मिल के पीछे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ निवारण की टीम भी साथ थे। इस दौरान भगवानपुर में नाले से जलकुंभी निकल गया, जिससे पानी निकासी बहाल हुई। इसीतरह न्यू होराइजन स्कूल कॉलोनी में जल भराव होने पर जेसीबी से कच्ची नाली निकालकर पानी निकासी बहाल कराया गया। किसान राइस मिल के पीछे नाले के मुहाने पर जलकुंभी एवं बड़ी मात्रा में कचरा फंसा हुआ थाए जिसे जेसीबी के माध्यम से निकल गया और अपनी निकासी की स्थिति बनाई गई। इसी तरह बेलादूला खेतपारा में नाली पर घर बनने अतिक्रमण होने एवं पानी निकासी के लिए नाली नहीं होने के कारण यहां ज्यादा जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। पानी निकासी के लिए नाली एवं स्थल जगह नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। इसपर सब्बल, रापा के माध्यम से एक दीवार को तोड़कर पानी निकासी के लिए कच्ची नाली बनाया गया।



### संभावित स्थानों पर कराई गई नाले की सफाई

बुधवार की सुबह गैंग लगाकर जल भराव की संभावित स्थानों पर सफाई कराई गई। इसमें संजय मार्केट, बावली कुआं, रामनिवास टॉकीज एवं खेतपारा क्षेत्र में सुबह से दोपहर तक नलों में जमे कचरा एवं मालवा को निकाला गया। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने नालों से पानी निकासी अच्छी तरह बहाल रहे ऐसे सभी चिन्हांकित स्थानों के नालों में फंसे कचरा, जलकुंभी एवं मलबे को निकालने के निर्देश सफाई हमले को दिए हैं।

### रेलवे ठेकेदार को एफआईआर की चेतावनी

रेलवे द्वारा चौथी लाइन के विस्तार कार्य के कारण संजय नगर स्थित पानी निकासी के पुल को पाट दिया गया था। इसमें पानी निकासी के लिए एक कम चौड़ाई का ह्यूम पाइप डाल गया था, क्योंकि संजय नगर से लगे करीब 8 वार्ड का पानी यहां से निकासी होता है। इसमें पानी निकासी के लिए कम स्थान मिलने और आवश्यकता के अनुरूप पानी निकासी नहीं होने पर यहां ज्यादा जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसे देखते हुए निगम कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने रेलवे प्रबंधन से स्थिति को अवगत कराते हुए चर्चा की एवं पत्र लिखते हुए ठेकेदार के विरुद्ध एफ आई आर करने की चेतावनी दी। चेतावनी के बाद बुधवार की सुबह से ही ठेकेदार द्वारा उक्त स्थान पर हाइड्रा एवं गैंग लगाकर तत्काल कार्य शुरू किया गया एवं ह्यूम पाइप को निकालकर पाटे गए मिट्टी को निकाला गया। इससे यहां अब पानी निकासी अच्छी तरह से बहाल होगी और जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होने की संभावना रहेगी।

## किताब के लिए सुबह 6 बजे से कतार, फिर भी नहीं आती बारी

**रायगढ़।** जिले के सरकारी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन शिक्षकों के लिए सत्र की शुरुआत संघर्ष से भरी साबित हो रही है। पाठ्यपुस्तकों के वितरण को लेकर शिक्षकों को बुक डिपो में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि शिक्षक सुबह 6 बजे से ही कतार में लग जाते हैं लेकिन अव्यवस्थित व्यवस्था के चलते देर रात तक भी कई बार उनका नंबर नहीं आता। शहर के कबीर चौक स्थित बुक डिपो में किताबों की आपूर्ति तो है, लेकिन वितरण की प्रक्रिया बेहद धीमी और अव्यवस्थित है। शिक्षक रोज सुबह जल्दी पहुंचते हैं ताकि किताबें समय पर ले सकें और छात्रों को पढ़ा सकें, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना उनकी मजबूरी बन गई है। बुधवार को जशपुर के प्राइवेट स्कूलों को किताब वितरण करना था। ऐसे में जशपुर और बगीचा से 102 स्कूलों के शिक्षक सुबह 6 बजे से किताब लेने पहुंच गए। लेकिन यहां पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि बुक डिपो अव्यवस्था का शिकार है। देखते ही देखते शाम बजे तक अधिकांश शिक्षको की नंबर नहीं लगी। ऐसे में वहां विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, माँ मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411